तापमान

अधिकतम 40.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जून 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 जिले में किसानों को न हो खाद बीज की कमी: कलेक्टर लंगेह



14 बंधापार में पेयजल संकट, सरपंच के साथ जनपद ...




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.



**आवश्यकता है**

दवाई दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है।

**लक्ष्मी मेडिकल हॉल**

स्टेट बैंक के सामने रायपुर रोड

7278994000

756679444


# सब्जियों और गैस की बढ़ती कीमतों से बिगड़ा आम आदमी का रसोई बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पिछले कुछ दिनों से खाद्य पदार्थों की महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। एक ओर जहां हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, वहीं दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इन दोनों के संयुक्त प्रभाव से आम परिवारों के लिए घर का खर्च चलाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। जिले के स्थानीय बाजारों में सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है। सबसे अधिक असर टमाटर के दामों पर पड़ा है, जो अब 60 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। इसके साथ ही हरी मिर्च 80 से 90 रुपए प्रति किलो के भाव पर है। धनिया पत्ती, गोभी, भिंडी, करेला, बैंगन, तोरई और मूली जैसी रोजमर्रा की सब्जियों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं। यहां तक कि चेच भाजी और प्याज भाजी जैसी साधारण सब्जियां भी अब आम लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं।

## लगातार बढ़ते दाम से आम परिवारों के लिए घर का खर्च चलाना चुनौतीपूर्ण

### गैस के दामों ने बढ़ाई परेशानी

सब्जियों की महंगाई के साथ-साथ घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। पहले से ही गैस के ऊंचे दाम लोगों के बजट पर भारी पड़ रहे थे, और अब सब्जियों के बढ़ते खर्च ने गृहिणियों के सामने बड़ी आर्थिक समस्या खड़ी कर दी है। एक मध्यम वर्गीय परिवार के अनुसार, पहले जो सब्जियां कुछ सौ रुपयों में मिल जाती थीं, अब उनके लिए एक हजार रुपए खर्च करने के बाद भी थैला खाली रह जाता है। बढ़ती महंगाई के कारण कई परिवारों ने भोजन में सलाद और चटनी जैसे अतिरिक्त खर्चों में कटौती करना शुरू कर दिया है।



### प्रशासन से नियंत्रण की मांग

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बाजारों में कीमतों पर किसी का नियंत्रण नहीं दिख रहा है। व्यापारियों द्वारा मनमाने तरीके से दाम वसूले जा रहे हैं, जिसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। संजीव और घनश्याम साहू सहित कई जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वे बाजार में कीमतों की निगरानी करें। नागरिकों का मानना है कि यदि सब्जियों की कालाबाजारी और मनमानी कीमतों पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आम लोगों की आर्थिक स्थिति और बिगड़ जाएगी।

## खबर संक्षेप

### किराना दुकान से 11 हजार से ज्यादा की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम गोंगल के एक किराना दुकान से 11 हजार रुपए से ज्यादा की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने 7 जून की रात ग्राम गोंगल के भूषण लाल पटेल के किराना दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखी खरीदी बिक्री की रकम 11000 रुपए और 03- 02 लीटर क्षमता वाली कोल्ड ड्रिंक की बॉटल 04 नग कीमत 340 रुपए कुल कीमत 11,340 रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया धनेश्वरी महानंद निवासी वार्ड नं 07 नयापारा ने बताया कि उसकी भुवन महानंद से इस वर्ष जनवरी 2026 में शादी हुई है। शादी के कुछ माह बाद उसका पति भुवन महानंद छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई झगडा एवं मारपीट करने लगा। जिसके चलते वह विगत एक माह से अपने पति भुवन महानंद से परेशान होकर अलग किराये के मकान में अकेली रहती है। 08 जून को 7 बजे वह काम करने जा रही थी। तभी उसका पति भुवन महानंद आया और धीरज सरफराज के घर के सामने गली में गाली गलौज कर मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** खेत में काम कर रही बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट के मामले में बसना थाने में दो आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया दशमोती सिदार पति पदमन सिदार (70 वर्ष) लिमदरहा ने बताया 08 जून की सुबह करीबन 08.30 से 9 बजे के आसपास वह अपने पति के साथ अपने खेत में काम कर रही थी, तब बैदपल्हीन अपने पति नेहरू तांडी के साथ अपने खेत में आई। प्रार्थिया न बताया कि हम दोनों के खेत आसपास में है, उसी पास में एक सरकारी भूमि भी है जिसे बैदपल्हीन व उसके पति नेहरू द्वारा कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे, तब उसन उन लोगों को सरकारी जमीन कब्जा रने से मना किया। इस पर नेहरू तांडी मुझे व मेरे पति पदमन सिदार को गाली देने लगा, साथ ही अपनी पत्नी बैदपल्हीन को हाथ में पकड़ रापा बेट को देकर उसे मारने के लिए कहा। जिस पर बैदपल्हीन ने रापा बेट लेकर उसे मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## गुस्सा : भ्रष्टाचार का है आरोप, आंदोलन की दी चेतावनी

# ग्राम कोटवार के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़े साजापाली के ग्रामीणों ने ग्राम कोटवार अगरदास मानिकपुरी पर गंभीर भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटवार ने शासन द्वारा उसे दी गई कोटवारी सेवा भूमि को अवैध रूप से बेच दिया है और इस मामले में जिला प्रशासन से की गई शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि कोटवार अगरदास मानिकपुरी ने खसरा नंबर 537 की कोटवारी सेवा भूमि को कई लोगों को बेच दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, इस जमीन पर अवैध निर्माण भी किए गए हैं। जांच के दौरान ग्रामीणों, सरपंच और पटवारी के समक्ष मकान मालिकों ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने यह जमीन कोटवार से खरीदी है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कोटवार ने ग्राम पंचायत के खेल मैदान खसरा नंबर 67 की करीब 4.5 एकड़ सरकारी भूमि को भी मिलीभगत से अपनी कोटवारी सेवा भूमि में दर्ज करवा लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटवार का व्यवहार भी उचित नहीं है और पूछने पर वह अभद्र व्यवहार करता है। इस पूरे मामले को लेकर ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कोटवार को हटाने की मांग की गई थी।



### प्रशासनिक आश्वासन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने 13 मई 2025 को ही कलेक्टर को शिकायत दी थी। इसके बाद 17 मार्च 2026 और 19 मई 2026 को जनदर्शन में कलेक्टर ने उन्हें जल्द ही कोटवार को बर्खास्त करने का ठोस आश्वासन दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि भंवरपुर तहसीलदार कार्यालय में उन्हें बर्खास्तगी का आदेश दिखाने की बात कही गई, लेकिन बाद में तहसीलदार ने आदेश देने से मना कर दिया और बयान को दबाव में लिया गया बताकर मामले को टाल रहे हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

लगातार मिल रहे कोरे आश्वासनों से त्रस्त होकर ग्राम बड़े साजापाली के समस्त ग्रामीणों ने सख्त रुख अपना लिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर कोटवार को बर्खास्त नहीं किया गया, तो वे अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति या घटना के लिए शासन-प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन और राजस्व मंत्री को भी प्रतिलिपि भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# फाइनेंस कंपनी से 22.66 लाख रुपए गबन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली थाना क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कंपनी के ग्राहकों से वसूली की गई राशि को बैंक में जमा करने के बजाय खुद हड़प लिया था। इस मामले में अब तक कुल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।



मामला भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड सरायपाली ब्रांच से जुड़ा है। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक हेमेंद्र राजाराम जनबंधु ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी के चार कर्मचारियों शुभम पाणीग्राही (ब्रांच मैनेजर), दीपक कुमार (फील्ड मैनेजर), रोहन प्रधान (फील्ड मैनेजर) और प्रमोद महंत (क्रेडिट मैनेजर) ने मिलीभगत कर ग्राहकों से वसूली गई कुल 22,66,645 रुपए की राशि का गबन किया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने अलग-अलग समय अवधि में ग्राहकों से रुपए वसूले थे जिसमें शुभम पाणीग्राही ने 13 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 के बीच 16 ग्राहकों से 5,35,869 रुपए। दीपक कुमार ने 13 जून 2023 से 8 नवंबर 2023 के बीच 16 ग्राहकों से 1,58,961 रुपए। रोहन प्रधान ने 27 फरवरी 2022 से 24 नवंबर 2023 के बीच 55 ग्राहकों से 5,54,583 रुपए। प्रमोद महंत ने 4 जनवरी 2024 से 13 अगस्त 2024 के बीच 16 ग्राहकों से 10,17,232 रुपए।

### तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना से मिली सफलता

इस धोखाधड़ी के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। सरायपाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 341/2025, धारा 316(5) और 3(5) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। लगभग एक साल तक फरार रहने के बाद, पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर जाल बिछाया। पुलिस ने 8 जून को दो मुख्य आरोपियों रोहन प्रधान 24 वर्ष, निवासी झगरेनडीह, पिथौरा और प्रमोद महंत 34 वर्ष, निवासी पुसलदा, जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में पहला आरोपी शुभम पाणीग्राही पहले ही 14 मार्च को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब फरार चल रहे अन्य आरोपी की तलाश में जुटी है।

## उधार की रकम वापस मांगने पर महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** उधार की रकम वापस मांगने गई महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 06 नयापारा महासमुंद की प्रेमिन मानिकपुरी ने अपनी सगी बड़ी बहन मानकी बाई मानिकपुरी एवं जीजा मणिदास मानिकपुरी को एक साल पहले घरेलू कार्य रुपए मांगने पर 33000 रुपए उधार दिया था। लेकिन जब वह उनसे रकम वापस मांगती थी, तब कुछ दिनों में दे देंगे कहकर टाल देते थे। 06 जून को महिला उधार की रकम वापस मांगने ग्राम लभरा कला गई, तब उसके जीजा मणिदास मानिकपुरी, मानकी बाई मानिकपुरी, वेद बाई मानिकपुरी व गोलू मानिकपुरी ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का लात घूंसा से मारपीट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# अवैध शराब के खिलाफ अभियान, 75 लीटर शराब और स्कूटी जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज 9 जून को तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 75 लीटर अवैध महुआ शराब और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक स्कूटी जब्त की है। सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिना नंबर की स्कूटी पर दो युवक अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। ग्राम जोगनीपाली मोड़ के पास घेराबंदी कर पुलिस ने स्कूटी सवार कुंदन तांडी (22 वर्ष) और करन चौहान (21 वर्ष) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 60 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब और परिवहन में प्रयुक्त 80,000 रुपए कीमत की स्कूटी को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी अभियान के तहत बसना और सांकरा पुलिस ने भी अवैध शराब रखने वालों पर कार्रवाई की है जिसमें थाना बसना पुलिस ने ग्राम ढालम में प्रभात चौहान 36 वर्ष के पास से 8 लीटर महुआ शराब जब्त की है एवं थाना सांकरा पुलिस ने ग्राम केसरीपुर में आत्माराम पटेल 36 वर्ष को 7 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। इन तीन मामलों में पुलिस ने कुल 95,000 रुपए की संपत्ति जब्त की है और सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### मेमरा में एक घर से बड़ी मात्रा में शराब बरामद, आरोपी फरार

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम मेमरा के एक घर से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 08 जून को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मेमरा में चमरू यादव के बगल के एक बंद कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री हेतु रखा गया है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने गवाहों व ग्राम जनप्रतिनिधियों से मकान मालिक को उपरोक्त कार्रवाई की सूचना देने तथा मौके पर बुलाने के लिए कहा, लेकिन उनके द्वारा संपर्क करने पर मकान मालिक चमरू यादव मौके पर उपस्थित नहीं हुआ। काफी इंतजार के उपरांत भी मकान मालिक चमरू यादव के मौके पर नहीं आने पर संदिग्ध बंद मकान की तलाशी लेने हेतु कमरे में लगे ताले को उपरोक्त गवाहान के समक्ष तोडकर विधिवत पंचनामा तैयार किया गया। तलाशी के दौरान 14 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 1120 रुपए, 12 नग शोले का अद्धी कीमत 1920 रुपए व 93 पौवा 20-20 अंग्रेजी शराब कीमत 11160 रुपए, एक अन्य थैले से 60 नग शोले का अध्दी कीमत 9600 रुपए, 90 नग मेक्डावल नंबर1 अंग्रेजी शराब कीमत 17100 रुपए रुपए कुल कीमत 40900 रुपए रुपए को बरामद कर फरार आरोपी चमरू यादव के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# महासमुंद कोतवाली क्षेत्र में केबल चोरों का आतंक, किसान खासे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में इन दिनों केबल चोरों ने उत्पाद मचा रखा है। क्षेत्र के किसान इन चोरियों से बुरी तरह परेशान हैं। चोर मुख्य रूप से सूने पड़े फार्म हाउस और बोरवेल को निशाना बना रहे हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से किसानों में भारी रोष और असुरक्षा की भावना है। क्षेत्र में केबल चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। विशेषकर फसल कटाई के बाद जब किसान अपने खेतों पर कम जाते हैं, तब चोर इस स्थिति का फायदा उठाते हैं। चोर केवल केबल वायर ही नहीं, बल्कि बोरवेल में लगे मोटर पंप, सबमर्सिबल उपकरण और फार्म हाउस के अंदर रखे घरेलू सामानों को भी चुरा रहे हैं। हाल ही में ग्राम लाफिन खुर्द में चोरी की एक घटना सामने आई है। पीड़ित किसान रेखराज साहू ने बताया कि 25 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके फार्म हाउस को निशाना बनाया। चोरों ने वहां से लगभग 70 से 80 मीटर केबल वायर निकाल लिया। इतना ही नहीं, फार्म हाउस का ताला



तोड़कर वहां रखा पंखा और एग्जॉस्ट फैन भी चोरी कर ले गए। इसी तरह पास ही के एक अन्य किसान खिलेश कुमार साहू के बोरवेल से भी केबल वायर चोरी हो गया है। किसानों का कहना है कि वे अपनी मेहनत की कमाई से ये महंगे उपकरण लगाते हैं, लेकिन चोरों की हरकतों के कारण उन्हें बार-बार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। पुलिस को शिकायतें तो दी जा रही हैं, लेकिन अभी तक चोरों का सुराग नहीं लग सका है, जिससे चोरी करने वालों के हौसले बढ़े हुए हैं।

### कबाड़ी और सेकंड हैंड सामान बेचने वालों पर संदेह

ग्रामीणों का मानना है कि चोरी की गई केबल से तांबा निकालकर उसे कबाड़ी की दुकानों पर बेचा जा रहा है। इसलिए ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस कबाड़ी दुकानों की नियमित जांच करे। साथ ही, चोरी हुए पंखे और अन्य उपकरणों के बाजार में बिकने की आशंका को देखते हुए सेकंड हैंड सामान खरीदने-बेचने वाले दुकानदारों पर भी नजर रखी जानी चाहिए।

### पुलिस से ठोस कार्रवाई की उम्मीद

क्षेत्र के निवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात के समय गांवों में गश्त बढ़ाई जाए। इसके अलावा, चोरी का सामान खरीदना भी कानूनी अपराध है, इस बारे में गांवों में मुनादी कराकर जागरूकता अभियान चलाया जाए। किसान अब पुलिस से मांग कर रहे हैं कि इन चोरियों में शामिल गिरोह का जल्द से जल्द पता लगाया जाए ताकि उन्हें अपनी मेहनत की संपत्ति की सुरक्षा मिल सके। फिलहाल, किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के साथ-साथ अब अपने उपकरणों को बचाने के लिए भी चिंतित हैं।

**खबर संक्षेप**

### अब सेवा-सेतु पोर्टल से बनेंगे नए राशन कार्ड

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन श्रेणी के नवीन राशन कार्ड जारी करने, राशन कार्ड में सदस्य जोड़ने एवं विलोपित करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। अब नागरिक सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अथवा लोक सेवा केंद्रों के जरिए आवेदन कर सकेंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नवीन राशन कार्ड जारी करने, सदस्य जोड़ने एवं विलोपित करने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया अनुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में इस नई व्यवस्था की जानकारी देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए है।

### धूमधाम से मनाया चोले वाली अम्मा का वर्सी महोत्सव

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में सोमवार को चोले वाली अम्मा का 20वां वर्सी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदास राम साहेब व संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अनेक गोदड़ीवाला धाम से श्रद्धालु व रायपुर की पूज्य सिंधी पंचायतों के मुखी व अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे अखंड धूनी साहेब के पाठ साहेब से हुई। इसके बाद आरती साहेब, भजन, सत्संग, सिमरन के कार्यक्रम हुए। शाम 5 बजे देवपुरी महिला मंडल का सत्संग, शाम 7 बजे से 8.30 तक माता मंडली व का गायक विनोद चावला चकरभाटा द्वारा भजन व सत्संग का कार्यक्रम हुआ। गोदड़ीवाला धाम में आशीर्वाद लेने प्रमुख रूप से मनुमल पृथवानी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, महेश दरयानी, परमानंद चिमनानी, इंदर तलरेजा, लधाराम नैनवानी, मुरली केवलानी, सर्वानंद मंधान आदि पहुंचे थे।

### देह व्यापार पर अंकुश लगाने की मांग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में 'स्पॉ सेंटर' और 'ब्यूटी पार्लर' की आड़ में देह व्यापार का घिनौना खेल चल रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ को शर्मसार करने वाले इस संगठित अपराध के खिलाफ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने शासन-प्रशासन और उच्च पुलिस अमले को राज्यव्यापी गंभीरता को देखते हुए चौतरफा व्यापक जांच व कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), रायपुर कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से मांग की है राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश के सभी संवेदनशील थाना क्षेत्रों में एक साथ संयुक्त रूप से 'स्पेशल कंबाइंड टास्क फोर्स' बनाकर आकस्मिक छापामार कार्रवाई की जाए। यदि प्रशासन जल्द ही इस पर ठोस कदम नहीं उठाता है तो छत्तीसगढ़ के गौरव, अस्मिता और सुरक्षा की रक्षा हेतु आम नागरिकों व मातृशक्ति को साथ लेकर पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### भागवत कथा में मनाया श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के हृदय स्थल शारदा चौक में स्थित श्री शंकर-हनुमान मंदिर में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा में श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। गौरतलब है कि 5 जून को श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ प्रातः कलश यात्रा के साथ किया गया। प्रथम दिवस सुकदेवजी का आगमन एवं भरत चरित्र, रविवार को नरसिंह एवं वामन अवतार, सोमवार को श्रीराम-श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा प्रवक्ता पं राजेश शर्मा 'जैनम' हैं। मंगलवार को श्रीकृष्ण लीला एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन है।

**तैयारी : अधिकारियों को पीएम गति शक्ति योजना के उद्देश्य की दी जानकारी**

# प्लानिंग के पहले पोर्टल का उपयोग सुनिश्चित करें : कलेक्टर विनय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में रायपुर एवं पीएम गति शक्ति योजना के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में अधिकारियों को पीएम गति शक्ति योजना के उद्देश्यों, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग, परियोजनाओं की योजना निर्माण प्रक्रिया, आधारभूत संरचना विकास तथा विभागीय डाटा के एकीकरण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि पीएम गति शक्ति योजना के माध्यम से सड़क, रेल, ऊर्जा, दूरसंचार, जल संसाधन तथा अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं के विकास में समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति दी जा सकेगी। जिले में अधोसंरचना विकास के लिए प्लानिंग के दौरान ही इस पोर्टल का उपयोग करते हुए सुगमता से योजना को क्रियान्वयित किया जा सकता है। इसके लिए सभी विभाग लॉग इन आईडी जनरेट करें। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने बताया कि उक्त क्षेत्रों में इस पोर्टल का उपयोग आवश्यक होगा। रायपुर उद्योग विभाग के उपसंचालक द्वारा जीआईएस आधारित पीएम गति शक्ति पोर्टल के संचालन, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग, भू-स्थानिक आंकड़ों के उपयोग तथा विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले डाटा के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही विकास कार्यों के बेहतर नियोजन, समयबद्ध क्रियान्वयन एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित अद्यतन जानकारी एवं परियोजनाओं का विवरण नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए योजना के विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने पीएम गति शक्ति योजना को जिले में विकास परियोजनाओं के बेहतर समन्वय एवं त्वरित क्रियान्वयन का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके उपयोग के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग मोहन लाल साहू आदि मौजूद रहे।




**पीएम गति शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का कार्यशाला एवं प्रशिक्षण आयोजित**

## कैट ने की एफएसएसएआई नियमों में बड़े सुधार एवं लाइसेंस को आजीवन वैध बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- लाखों व्यापारियों को राहत दिलाने केंद्रीय मंत्री पासवान को भेजे सुझाव : अमर पारवानी

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमैन सुरिंदर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के करोड़ों छोटे एवं मध्यम व्यापारियों की प्रमुख राष्ट्रीय संस्था कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अंतर्गत लागू कुछ नियमों में व्यावहारिक सुधार एवं सरलीकरण की मांग करते हुए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री चिराग पासवान को एक विस्तृत सुझाव पत्र प्रेषित किया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने अपने पत्र में कहा है कि खाद्य सुरक्षा के मानकों को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, किन्तु वर्तमान में लागू कुछ प्रक्रियाओं के कारण विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम व्यापारियों (एमएसएमई) को अनावश्यक प्रशासनिक, वित्तीय एवं समयगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि इन नियमों को व्यापार-अनुकूल एवं व्यावहारिक बनाया जाए तो 'काम करने में आसनी' को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा। पारवानी ने बताया कि कैट देशभर के लगभग 9 करोड़ व्यापारियों तथा छत्तीसगढ़ के लगभग 12 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। व्यापारियों से प्राप्त सुझावों एवं अनुभवों के आधार पर एफएसएसएआई के कुछ प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता महसूस की गई है। उक्त जानकारी कैट इकाई महासमुंद जिलाध्यक्ष गौरव चंद्राकर ने दी है।



## जल, जंगल, जमीन के रक्षक थे धरती आबा : देवीचंद राठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी जननायक थे। आदिवासियों के पारंपरिक वन अधिकारों को छीने जाने पर अंग्रेजों के खिलाफ 'जल, जंगल और जमीन' की रक्षा के लिए आवाज उठाते हुए संघर्ष किया।

उन्होंने अंधविश्वास, नशाखोरी के खिलाफ आंदोलन चलाया। ऐसे कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका ने बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि छोटी सी अल्पायु में उन्होंने आदिवासियों के हित के लिए कई अनुकरणीय कार्य किए। समाज की अस्मिता को बचाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ सन 1900 में उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व कर ऐतिहासिक महाविद्रोह बिरसा मुंडा ने किया।

## बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा कल

**बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित, 3036 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा गुरुवार 11 जून 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक महासमुंद जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें कुल 3036 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 06 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 988 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र 2301 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी, 2302 शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा, 2303 महर्षि विद्या मंदिर मचेवा, 2304 श्याम बालाजी एजुकेशन कॉलेज इमलीभाठा, 2305 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय आदर्श उमावि महासमुंद, 2306 आशी बाई गोलछा आदर्श शाउमावि महासमुंद, 2307 शासकीय उमावि बेलसोंडा, 2308 वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एफसीआई रोड महासमुंद, 2309 चंद्रोदय पब्लिक स्कूल बागबाहरा रोड महासमुंद, 2310 शिशु संस्कार केंद्र उमावि महासमुंद, 2311 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा तथा 2312 शासकीय आईटीआई लभराखुर्द को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी तरह बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र 2313 रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल पिटियाझर रोड महासमुंद, 2314 शासकीय उमावि पचेड़ा, 2315 शासकीय उमावि बेमचा, 2316 इंडियन कॉलेज ऑफ एजुकेशन बेलसोंडा, 2317 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव तथा 2318 गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल अयोध्या नगर महासमुंद को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने की अपील की है। ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा, जिससे फ्रिस्किंग एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रातः 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनकर आने तथा फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेट रंग के वस्त्र पहनना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, स्मार्ट घड़ी, पर्स, पाऊच, बेल्ट, स्कार्फ, टोपी सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पैन कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले अथवा नीले बॉल पेन का उपयोग करने की अनुमति होगी। परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। वहीं अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थिता निरस्त करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शहर में श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान जारी, कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के बीटीआई रोड के समीप में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ 4 जून को अत्यंत भक्तिमय वातावरण में हुआ। कथा के प्रथम दिवस श्री राम मंदिर के आचार्य नारायण दास वैष्णव के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कलश यात्रा कथा स्थल से मुख्य मार्ग होते हुए पुनः कथा स्थल तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया। भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयघोष के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### कथा में नयनाभिराम झांकी और भावपूर्ण वर्णन

कथा के दूसरे दिन आचार्य नारायण दास वैष्णव ने भागवत महापुराण के द्वितीय स्कंध के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने शुकदेव और राजा परीक्षित के संवाद के माध्यम से जीवन की नश्वरता और भक्ति की महिमा को सरल शब्दों में समझाया। साथ ही नारद अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि सत्संग और प्रभु स्मरण से ही मनुष्य जीवन सार्थक होता है। इस पावन अवसर पर पुरोहित एवं परायणकर्ता पंडित सूरज दास वैष्णव (चिंगरौद) भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिनके सानिध्य में संपूर्ण अनुष्ठान विधिवत संपन्न हो रहा है।

आचार्य नारायण दास ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में शांति एवं संतुलन आता है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कथा का समय परिवर्तित कर अब प्रतिदिन शाम 4 बजे से किया गया है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान कर रहे हैं।

श्रीमद भागवत कथा महापुराण का आयोजन चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा है। साथ ही आयोजन में आसपास सहित समस्त श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान है। कथा के द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ दिवस में प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, कृष्ण प्राकट्य उत्सव का आयोजन हुआ एवं विभिन्न पौराणिक प्रसंगों के साथ कथा का क्रम 12 जून तक निरंतर जारी रहेगा। भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।

## आम आदमी पार्टी का हुआ प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आम आदमी पार्टी का छत्तीसगढ़ में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शहीद स्मारक भवन रायपुर में हुआ। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस राज्य में भाजपा और कांग्रेस का शासन लगातार रहता है, उस राज्य में आम आदमी पार्टी की आने की पूर्ण संभावना होती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के पूरे 90 विधानसभा में चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठन को विस्तार करने हेतु आगामी 10 जून से प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी। इसके लिए पार्टी द्वारा प्रदेश में चार सह प्रभारी एवं एक प्रभारी की नियुक्ति की गई है। पूरे प्रदेश को 5 जोन में बांटा गया है। जिसमें प्रभारी एवं सह प्रभारी कार्यकर्ताओं से सीधे रूबरू होकर संगठन को गांव गांव तक ले जाने के लिए चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महासमुंद जिला से प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव, प्रदेश सचिव संतोष चंद्राकर, शकील खान खिरोद पटेल, मधु यादव गोपाल वैष्णव, पार्षद द्वय इरफान गिलानी इल्लू, अमरीन इरफान इल्लू, भोलाराम निषाद, मीनाक्षी ठाकुर ,भुनेश्वर साहू, आशिक हुसैन, सनतराम चौहान, कैलाश जैन, रामदयाल पटेल, भूषण सिन्हा, मोहन साहू, अजय तोंद्रे, तुलू राम ध्रुव, अगेश्वर यादव, भागवत साहू, हेमलाल यादव, राजेश यादव, आशीष वाकडे, गौतम नेताम, गिरवर यादव, भूषण चक्रधारी, डॉ गजानन चंद्राकर, माधव सोना, मीना यादव, मिलाशिनी सिंह, कल्पना यादव, पदमा कोल्हापुरी, मोहम्मद जावेद, रामदास निषाद, राजेश तिवारी, एमडी सागर, महेश कर्ष आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अतिक्रमण को लेकर ग्रामसभा में भिड़े दो पक्ष, जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम कुसमी में अतिक्रमण संबंधी मीटिंग के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट की घटना में आरोपियों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पहले पक्ष के राजकुमार उर्फ राजू पटेल ने पुलिस को बताया कि 08 जून को ग्राम कुसमी पंचायत भवन में ग्राम सभा मीटिंग आयोजित की गई थी, जिसमें गांव के लगभग 200 व्यक्ति उपस्थित थे।

मीटिंग दौरान अतिक्रमण की बात पर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान गांव का टीकमलाल निषाद पिता राजकुमार निषाद नशे में गाली गलौज कर रहा, जिसे उसने द्वारा गाली गलौच करने से मना किया, तभी टीकम लाल निषाद एवं ग्राम कुसमी उपरपारा के नंद कुमार निषाद पिता ठुनूराम निषाद, सिरात्री बाई निषाद पति नंदकुमार निषाद, रमशीला निषाद पति राजकुमार निषाद, खेलूराम निषाद पिता चैतराम निषाद, शिवम निषाद पिता घनश्याम निषाद, राजकुमार निषाद पिता ठुनुराम निषाद, राजिम निषाद पति घनश्याम निषाद ने एक राय होकर अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का लात से



मारपीट कर दी। जब ओमप्रकाश ठाकुर एवं भोजराम पटेल बीच बचाव करने गये तो उनके साथ भी धक्का मुक्का की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 190, 191(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के घनश्याम निषाद पिता मिलउराम निषाद ने ग्राम कुसमी ने पुलिस को बताया कि 08 जून को ग्राम पंचायत कुसमी में ग्राम सभा में अतिक्रमण को लेकर चर्चा किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम प्रमुख बालाराम पटेल, ग्राम पटेल भूपत सिंह दीवान के उकसाने पर शराब के नशे में राजू पटेल, लक्ष्मण पटेल, दुलरवा पटेल, भोजराम पटेल के द्वारा बैठक से बाहर निकलकर मोहल्ले की महिलाओं एवं लोगों को गाली गलौज किया जा रहा था, जिन्हें मैं और टीकम निषाद गाली गलौज करने से मना कर रहे थे।

लेकिन आरोपी बालाराम पटेल, भूपतसिंह दीवान, राजू पटेल, लक्ष्मण पटेल, भोजराम पटेल, दुलरवा पटेल सभी एक राय होकर मुझे एवं टीकम निषाद को धक्का मुक्की करते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296,115(2),190,191(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं 77 आवेदन मिले

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम खल्लारी के धीरज गुप्ता ने अधूरे पाइपलाइन को पूरा कराने, ग्राम शेर के हुमन ध्रुव ने बंदोबस्त में त्रुटि सुधार के लिए, ग्राम खुसरूपाली के सदाराम साहू ने नामांतरण, ग्राम पिपलीपानी के वीरेंद्र तांडी ने फाइनेंस कंपनी के मनमानी की शिकायत, घुंचापाली के कृष्ण कुमार चंद्राकर ने विद्युत पोल हटवाने, ग्राम जोगीडीपा के ग्रामीणों ने निस्तारी तालाब को पटवाने से रोकने के लिए आवेदन दिया। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि, अवैध अतिक्रमण, लम्बित राशि भुगतान एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**शिविर : सुशासन तिहार बना युवाओं के लिए समाधान का मंच**

# 41 शिविरों में 1755 युवाओं को मिला लर्निंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2026 जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासकीय सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बना है। आयोजित समाधान शिविरों ने जिले के युवाओं को बड़ी राहत प्रदान की है। पहले जहां लाइसेंस बनवाने के लिए युवाओं को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब गांव में आयोजित शिविरों में ही यह सुविधा उपलब्ध होने से उनके समय और खर्च दोनों की बचत हुई है।

जिले में आयोजित 41 समाधान शिविरों के माध्यम से जिला परिवहन विभाग द्वारा 1755 युवाओं का लर्निंग लाइसेंस बनाकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उन्हें सौंपा गया है। जिले में सर्वाधिक 921 लर्निंग लाइसेंस महासमुंद विकासखंड में बनाए गए। वहीं पिथौरा में 279, बसना में 208, बागबाहरा में 195 तथा सरायपाली में 152 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए गए। समाधान शिविरों में जनप्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को लर्निंग लाइसेंस सौंपते हुए उन्हें यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया गया।



लर्निंग लायसेंस प्राप्त करने वाले युवाओं में ग्राम झलप की प्रियंका शर्मा ने बताया कि वे लंबे समय से लर्निंग लाइसेंस बनवाना चाहती थीं, लेकिन पढ़ाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण परिवहन कार्यालय नहीं जा पा रही थीं। सुशासन तिहार के समाधान शिविर में पहुंचकर उन्होंने आवेदन किया और उन्हें आसानी से लर्निंग लाइसेंस प्राप्त हो गया। प्रियंका कहती हैं कि अब वे आगे ड्राइविंग लाइसेंस बनने से यातायात नियमों का बखूबी पालन करेंगी। इसी तरह ग्राम लाफिनखुर्द के युवा राहुल पटेल ने बताया कि लाइसेंस के अभाव में उन्हें हमेशा इस बात की चिंता बनी रहती थी कि कहीं यातायात जांच के दौरान उनका चालान न कट जाए। इस कारण वे असहज महसूस करते थे। लेकिन जब समाधान शिविर में आवेदन करने के कुछ ही समय बाद आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर उनका लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। त्वरित सेवा प्राप्त होने से राहुल बेहद खुश हुए। इसी तरह ग्राम आंवराडबरी के अखिलेश साहू, ग्राम परकोम के युवा कमलेश मन्नाडे ने लर्निंग लाइसेंस के बनने पर कहा कि अब उन्हें वाहन चलाने में किसी प्रकार का भय नहीं रहेगा और वे यातायात नियमों का पालन करते हुए निश्चिंत होकर बाइक चला सकेंगे। सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से शासन की सेवाएं सीधे गांव-गांव तक पहुंची हैं, जिससे युवाओं को समय पर सुविधाओं का लाभ मिला है।

# उज्ज्वला सब्सिडी घटाकर मोदी सरकार ने गरीबों की रसोई पर किया हमलाः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा रसोई गैस के दाम में 29 रुपए की वृद्धि व उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को सालभर में मिलने वाली सिलेंडरों की संख्या घटाकर 4 किए जाने के निर्णय को पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनविरोधी सरकार का तानाशाही फरमान कहा है।

चंद्राकर ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के आज 2 साल तथा प्रदेश में इनकी सरकार बने ढाई साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन महंगाई कम होने के बजाए दिन-प्रतिदन बढ़ता जा रही है। छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के लिए तो इन्होंने 500 रुपए में रसोई उपलब्ध कराने के जुमले फेंके थे। गरीब उज्ज्वला हितग्राहियों सहित सभी महिलाओं से 500 रुपए में सालभर 12 सिलेंडर उपलब्ध कराने के वादे किए थे। आज इस वादे को भाजपा भूल चुकी है। चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार अपने 12 साल के कार्यकाल पूरे होने पर उत्साह मना रही है। वहीं, दूसरी ओर आम जनों पर महंगाई का बोझ डालकर उनकी जीवन कठिनाइयों से भर रहा है। मोदी सरकार ने एक बार फिर गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई पर हमला किया है।



घरेलू व कमर्शियल गैस के दाम में लगातार वृद्धि की जा रही है। इससे आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। इसी के साथ उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को सबसे बड़ा झटका दिया गया है।

पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि पहले साल में 12 सिलेंडर पर सब्सिडी मिलती थी, फिर इसे 9 किया गया और अब घटाकर सिर्फ 4 कर दिया गया है। 5वां सिलेंडर लेने पर 1023 रुपए चुकाने होंगे। यह फैसला उन 11 करोड़ परिवारों के साथ धोखा है जिन्हें प्रधानमंत्री ने मुफ्त कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति का वादा किया था। सरकार अंतरराष्ट्रीय कीमतों और तेल कंपनियों के घाटे का हवाला दे रही है। लेकिन, सवाल यह है कि जब कच्चा तेल सस्ता था तब दाम क्यों नहीं घटाए गए। 60 हजार करोड़ के घाटे की भरपाई गरीब की थाली से क्यों की जा रही है।

मोदी सरकार ने 30 हजार करोड़ रुपए तेल कंपनियों को मुआवजा दिया, पर जनता को राहत देने के लिए उसके पास पैसा नहीं है। उज्ज्वला योजना की औसत खपत 4 सिलेंडर बताकर सरकार अपनी नाकामी छुपा रही है। सच्चाई यह है कि महंगाई के कारण गरीब परिवार सिलेंडर रिफिल ही नहीं करा पा रहे हैं। सरकार पहले लोगों को मजबूर करती है कि वे कम सिलेंडर लें, फिर उसी को आधार बनाकर सब्सिडी घटा देती है। उन्होंने मांग की है कि गैस सिलेंडर के दाम तत्काल 100 रुपए कम किए जाएं, उज्ज्वला योजना में साल में 12 सिलेंडर पर 300 रुपए की सब्सिडी बहाल की जाए। बढ़ी हुई एक्साइज ड्यूटी वापस ली जाए।

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, जया चंद्राकर, लता चंद्राकर, विमला चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि बिरसा मुंडा का ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया। आदिवासी समाज को नई चेतना और आत्मसम्मान देने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

# लभराकला में जन चौपाल लगाकर विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

## ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, वरिष्ठजनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम लभराकला में जन चौपाल लगाकर आमजनों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषय विधायक के समक्ष रखें। विधायक ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आमजन से भेंट मुलाकात करने पहुंच रहे हैं। गांव में जन चौपाल लगाकर वें उनसे सीधा संवाद करते हैं। साथ ही उनकी मांग एवं समस्याओं को सुनकर उचित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं गांव के जनप्रतिनिधियों को दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इसी तारतम्य में मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम लभराकला पहुंचे और जन चौपाल लगाकर आमजनों की समस्या सुनी। साथ ही केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। गांव के किसान भाईयों से खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी चर्चा की।

### वरिष्ठजनों एवं नववधुओं का सम्मान

जन चौपाल में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने गांव के वरिष्ठजनों एवं नववधुओं का सम्मान किया। वरिष्ठ नागरिकों के जीवन अनुभव, सामाजिक योगदान एवं मार्गदर्शन को नमन करते हुए उनका अभिनंदन किया। साथ ही नववधुओं का सम्मान कर उन्हें सुखद, समृद्ध एवं उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की।

# रायपुर में जुटे प्रदेशभर के जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष, संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश स्तरीय जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष संघ की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को रायपुर स्थित विमतारा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान जनपद पंचायतों के संचालन एवं विकास कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जनपद पंचायतों के अधिकारों, विकास कार्यों की स्वीकृति, वित्तीय प्रबंधन, प्रशासनिक समन्वय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विभिन्न जिलों से आए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं सुझावों को साझा करते हुए उनके निराकरण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।



बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आगामी दिनों में प्रदेश स्तरीय जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी जनपद पंचायत सदस्यों का विशाल सम्मेलन आयोजित करने का रहा। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं, अधिकारों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को एक साझा मंच पर रखने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के हितों की रक्षा तथा उनके संवैधानिक अधिकारों को मजबूत बनाने के लिए संगठन स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण, विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बढ़ाने संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी सहमति बनी।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने ग्रामीण विकास और जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष एवं सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया।

## 41 ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल और संगोष्ठी के माध्यम से प्राकृतिक खेती का दिया संदेश

**महासमुंद।** जिले में कृषि विभाग द्वारा 01 जून से 30 जून तक संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की 41 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, इनमें महासमुंद विकासखंड में 5, बागबाहरा में 13, पिथौरा में 10, बसना में 8 तथा सरायपाली में 5 कार्यक्रम शामिल हैं। अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा किसानों एवं आम नागरिकों में रासायनिक उर्वरकों के सीमित एवं संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषक चौपालों में कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से भूमि की प्राकृतिक उर्वरता एवं दीर्घकालिक उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती मिशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो पारंपरिक ज्ञान पर आधारित टिकाऊ एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य खेती पद्धति है। कार्यक्रमों में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक खेती के लाभ, हरी खाद एवं नील हरित काई के उपयोग, तथा जैविक उत्पादों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों" के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी जा रही है।

# प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना कर मिले पूर्ण पेंशन याचिकाकर्ताओं ने डीपीआई का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के अगुवाई एवं प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, नंद कुमार साहू, प्रदीप वर्मा, भोपाल सिंह बंजारा, तुलेंद्र सागर की उपस्थिति तथा याचिकाकर्ता शिक्षक समूह द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय अनुसार संविलियन पूर्व की सेवा गणना कर पूर्ण पेंशन प्रदान करने हेतु नीति निर्धारण एवं आदेश जारी करने की मांग को लेकर डीपीआई का घेराव किया गया। विभागीय स्तर पर पता चला है कि कोर्ट के निर्णय के आधार पर पेंशन देने का निर्णय नहीं लेते हुए सुप्रीम कोर्ट स्तर पर अपील किये जाने के लिए शिक्षा विभाग प्रयासरत है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रतिनिधि मंडल द्वारा कमलप्रीत सिंह सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, अशोक नारायण बंजारा उपसंचालक, डॉ महेश नायक उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौंप कर न्यायालयीन निर्णय अनुसार पूर्व सेवा से पेंशन देने, टीईटी का विभागीय परीक्षा आयोजित करने, राजपत्र में संशोधन करने का मांग पत्र सौंपा गया। सचिव स्कूल शिक्षा ने कहा है कि शिक्षकों के लिए विभागीय टीईटी परीक्षा लिए जाने के संबंध में वैधानिक सलाह से रास्ता निकालने प्रयास किया जाएगा, पेंशन के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय एवं शासन की स्थिति का अवलोकन किया जा रहा है इस संबंध में शिक्षकों का भी पक्ष आया है। सौंपे गए ज्ञापन में मांग किया गया है। जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा रमेश चंद्रवंशी बनाम छत्तीसगढ़ राज्य डब्ल्यूपीएस 2255/2021 दिनांक 23/01/2026 एवं ऋषिदेव सिंह बनाम छत्तीसगढ़ राज्य डब्ल्यूपीएस



5699/2021 दिनांक 17/02/2026 व अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ऐतिहासिक निर्णय पारित किया है, जिसमें न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पेंशन कोई खैरात नहीं, बल्कि एक कल्याणकारी उपाय है। याचिकाकर्ताओं द्वारा संविलियन (01.07.2018) से पूर्व दी गई लंबी सेवा को अप्रासंगिक मानकर शून्य नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने निर्देश दिया है कि शासन सेवा की निरंतरता, कार्य की प्रकृति, प्रशासनिक नियंत्रण और संवैधानिक सिद्धांतों (भेदभाव-निषेध और समानुपातिकता) को ध्यान में रखते हुए 120 दिनों के भीतर एक सचेत और कारणयुक्त स्पीकिंग आदेश जारी करे।

सिंगल बैंच के निर्णय के विरुद्ध राज्य शासन द्वारा डबल बैंच में डब्ल्यूए 325/2026 याचिका दायर की गई थी, जिसे उच्च न्यायालय के डबल बैंच द्वारा 23/04/2026 को खारिज करते हुए सिंगल बैंच के निर्णय को सही माना है। एसोसिएशन का सुझाव है कि जिस प्रकार शासन ने सातवें वेतनमान एवं संविलियन का निर्णय लिया उसी प्रकार पेंशन के लिए जनरल आदेश जारी करें। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवाकालीन शिक्षकों को टीईटी अर्हता प्राप्त करने के लिए समय-सीमा 31 अगस्त 2028 तक बढ़ाए जाने के पश्चात राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के आयोजन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं, सचिव एवं संचालक से चर्चा की गई, चर्चा के दौरान टीईटी परीक्षा के शीघ्र आयोजन, सेवाकालीन शिक्षकों को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने तथा परीक्षा प्रक्रिया को सरल एवं समयबद्ध बनाए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। शर्मा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा टीईटी परीक्षा के आयोजन को लेकर सकारात्मक संकेत दिए गए हैं तथा आवश्यक तैयारियों पर आंतरिक कार्य किया जा रहा है, वैधानिक रास्ता निकालने प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की मंशा के अनुरूप शिक्षकों को टीईटी अर्हता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। सचिव एवं संचालक से मांग किया गया है कि सेवाकालीन शिक्षकों (इन सर्विस टीचर्स) की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पृथक विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने पर भी गंभीरता से विचार किया जाए। साथ ही टीईटी परीक्षा का वार्षिक कैलेंडर जारी कर नियमित अंतराल पर परीक्षा आयोजित की जाए, जिससे शिक्षकों को समय पर पात्रता प्राप्त करने का अवसर मिल सके। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, नारायण चौधरी जिलाध्यक्ष महासमुंद, नंदकुमार साहू जिला सचिव, प्रदीप वर्मा आईटी सेल प्रभारी, तुलेंद्र सागर आदि शामिल रहे।

## सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण

**महासमुंद।** खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर जिले में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रतिदिन खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की समीक्षा की जा रही है। जिले की सहकारी समितियों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी के अनुसार जिले के 159 सहकारी समितियों में खाद का भंडारण किया गया है तथा किसानों की मांग के अनुरूप निरंतर वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खरीफ 2026 के लिए 60 हजार 850 टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरुद्ध अब तक सहकारी समितियों में 20 हजार 431 टन से अधिक उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का लगभग 33.58 प्रतिशत है। इनमें यूरिया 13 हजार 29 टन, डीएपी 2059 टन, एनपीके 449 टन, सुपर फॉस्फेट 3691 टन एवं पोटाश 1203 टन शामिल है। वहीं किसानों को अब तक 10 हजार 691 टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। विभिन्न सहकारी समितियों में किसानों द्वारा खाद का उठाव किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा लगातार उर्वरक कंपनियों से अतिरिक्त रैक प्राप्त कर भंडारण बढ़ाया जा रहा है। ताकि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को समितियों एवं निजी विक्रेताओं के यहां नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमित वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा मांग और आपूर्ति की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# एलपीजी चोरी के मामले में सीबीआई जांच के लिए पीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित

- **एलपीजी चोरी की घटना पर पुलिस विभाग की कार्रवाई संदेह के दायरे में**



चंद्रनाहू ने जिला महासमुंद में 100 टन एलपीजी चोरी की घटना की सीबीआई जांच के निर्देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी को ज्ञापन प्रेषित किया है। चंद्रनाहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत जिला महासमुंद के पुलिस थाना सिंघोड़ा में 23 दिसंबर 2025 को 6 इंडियन गैस के कैप्सूल (टैंकर) को जब्त किया गया। पुलिस थान सिंघोड़ा द्वारा 06 माह के उपरांत भी सक्षम न्यायालय में चालन प्रस्तुत नहीं कर 09 मई 2026 को 6 इंडियन गैस के कैप्सूल का वजन कराये बगैर ठाकुर पेट्रो कैमिकल्स अभनपुर जिला रायपुर के अभिरक्षा में नियम विरूद्ध रखा गया। 6 इंडियन गैस के कैप्सूल (टैंकर) के मालिकों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ से आदेश प्राप्त कर टैंकरों को सौंपने के लिए पुलिस थाना सिंघोड़ा के समक्ष उपस्थित हुए। पुलिस द्वारा टैंकरों को सौंपने के समय 100 टन एलपीजी (जिसका मूल्य 1.56 करोड़ रुपए) गायब अथवा चोरी होना पाया गया। इस घटना पर पुलिस विभाग की कार्रवाई संदेह के दायरे में है। इसलिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को जांच का निर्देश किया जाना उचित होगा। ज्ञापन को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा पीएमओपीजी/डी/2026/0100856 पंजीबद्ध किया गया।



## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया कल से

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक में सत्र 2026-27 के लिए कुल 120 सीटों तथा लेटरल एंट्री की सीटों में प्रवेश के लिए संचालनालय तकनीकी शिक्षा द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया का प्रथम चरण 11 जून तथा द्वितीय चरण 26 जून से प्रारंभ हो रही है। प्रवेश ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से ही होगा।

### छठवीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 5 को

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन रविवार 05 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, नवा रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि योजना के तहत विद्यार्थियों द्वारा आवेदन पत्र शाला में जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुंद तथा संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा 25 जून 2026 तक परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, प्रवेश पत्र एवं रोल नंबर जारी किए जाएंगे। योजना संबंधी विस्तृत जानकारी आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

### एनपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**बिरकोनी।** ग्राम नयापारा में एनपीएल सीजन वन क्रिकेट टीम के युवाओं द्वारा 10 जून को मौहारी मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। खेल प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक एक सप्ताह खेला जाएगा। जिसमें 32 टीम के खिलाड़ी पहले आओ, पहले पाओ के तहत भाग लेंगे। प्रत्येक मैच 6 ओवर का होगा। जिसमें आकर्षक पुरस्कार प्रथम तीस हजार, द्वितीय पंद्रह हजार, तृतीय सात हजार रुपए दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क दो हजार निर्धारित है। प्रतियोगिता का स्तर केवल ग्रामीण टीमों को प्राथमिकता देगी। 35 किलोमीटर दूर से आने वाले टीमों को विशेष छूट दी जाएगी। एक दिन में एक टीम का क्वालीफाई राउंड होगा। इस टूर्नामैच में आयोजक समिति द्वारा कोई मैच नहीं खेला जाएगा। अध्यक्ष प्यारे लाल पुरैना, उपाध्यक्ष आशीष जांगड़े, अमितेश निषाद, दिनेश पाटिल सहित खिलाड़ी प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हुए है।

**निर्देश : कलेक्टर ने कहा-कृषि विभाग का मैदानी अमला फील्ड में रहे**

# जिले में किसानों को न हो खाद बीज की कमीः कलेक्टर लंगेह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक में सुशासन तिहार, राजस्व प्रकरण और खाद-बीज के वितरण को लेकर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन जैसे प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। प्रत्येक राजस्व अधिकारी मंगलवार और बुधवार को कोर्ट केस की सुनवाई करें। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से लंबित प्रकरणों पर विशेष जोर दें, इसके अलावा विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार बैठक वर्चुअल मोड में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू उपस्थित थे तथा सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सुशासन तिहार के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी तथा कहा कि प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदकों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए, ताकि आमजन को शासन की पहल का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों एवं शिकायतों का निराकरण आगामी शुक्रवार तक प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में 30 जून तक संचालित खेती बचाओ अभियान के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कृषि विभाग के मैदानी अमले, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करने कहा गया। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा निर्धारित यूरिया एवं डीएपी खाद की मात्रा वितरण करने तथा खाद भंडारण का नियमित भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद को भी प्रोत्साहित करने किसानों के लिए जागरुकता अभियान चलाएं, जो किसान यूरिया लेने सहकारी समितियों में पहुंच रहें हैं, उन्हें यूरिया प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकास विस्तार अधिकारी किसानों के बीच यूरिया और डीएपी के विकल्पों के बारे में भी किसानों का जागरूक करें। साथ ही खाद वितरण और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शेष आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि महासमुंद जिले में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक कुल 1 लाख 32 हजार 538 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 1 लाख 12 हजार 904 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जो कुल स्वीकृत आवासों का 85.19 प्रतिशत है।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को सेवा सेतु केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र समय-सीमा में बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों का एग्रीस्टैक से शत-प्रतिशत लिंकिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले, आरईएओ को नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहकर किसानों से संपर्क बनाए रखने तथा एग्रीस्टैक पंजीयन, ई-केवाईसी एवं अन्य कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की सतत निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ई-फाइल प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू हो गई है तथा मैनुअल फाइल संचालन प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभागों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया। साथ ही बैठक में पेयजल, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# नए शिक्षा सत्र से पहले स्कूल बसों की जांच, 92 वाहनों का निरीक्षण



### दो बसों पर चालानी कार्रवाई, 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया

**महासमुंद।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व जिले में पंजीकृत स्कूल बसों का व्यापक निरीक्षण एवं चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 07 जून को महासमुंद, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में यह विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कुल 92 स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 02 स्कूल बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 6 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया। निरीक्षण के दौरान जिन स्कूल बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप कमियां पाई गईं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर आवश्यक सुधार कर पुनः निरीक्षण के लिए जिला परिवहन कार्यालय महासमुंद में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं जो स्कूल बसें निरीक्षण के लिए उपस्थित नहीं हुईं, उनके संचालकों को तीन दिवस के भीतर वाहन प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान चालकों एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बस संचालन के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना तथा यातायात नियमों की अनदेखी करना गंभीर अपराध है। उन्होंने सीट बेल्ट के नियमित उपयोग, फायर सेफ्टी उपकरण एवं फर्स्ट एड बॉक्स की समय-समय पर जांच, सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रखने तथा सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने की समझाइश दी गई।

# बंधापार में पेयजल संकट, सरपंच के साथ जनपद पंचायत पहुंचीं ग्रामीण महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

- ग्रामीणों ने जताई नाराजागी, मिला समाधान का आश्वासन

बागबाहरा विकासखंड के सुअरमार पंचायत के आश्रित ग्राम बंधापार में गंभीर पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। समस्या के समाधान की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि सरपंच के साथ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने ग्रामीणों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने उन्हें गांव में व्याप्त गंभीर पेयजल संकट की जानकारी दी और शीघ्र समाधान की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। मौजूदा हैंडपंप एवं अन्य जलस्त्रोत या तो सूख चुके हैं या पर्याप्त पानी नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण लोगों को रोजाना दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते स्थिति और अधिक विकराल हो गई है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर गांव में



तत्काल नल-कूप (बोर) खनन कराने एवं 2000 लीटर की पानी टंकी स्थापित करने की मांग की। इस पर जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने ग्रामीणों को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सरपंच के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों के साथ महिलाएं भी मौजूद रहीं और उन्होंने एक स्वर में पेयजल संकट के स्थायी समाधान की मांग दोहराई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गीता रानी टंडन, भूरी बाई, पुष्पा बाई, पूर्णिमा बाई, विशाखा बाई, विश्वशा बाई, शंभू, भाग, सोहन, नेहा बाई, सयारिन, दामिनी, सितरानी, सोनू, देवेंद्र, छगन, मोहन, शिवाय, मनोहर, मुरली, दिलराम, अनंत, शीतल, टेकचंद, सोहन मौजूद थे।




# अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप सर्बिया के लिए दिव्या चयनित

**महासमुंद।** मां गायत्री उच्चतर माध्यम विद्यालय की छात्रा दिव्या रंगारी विगत दिवस पुडुचेरी में राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में सर्वाधिक स्कोर बनाकर अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप जो कि 13 से 22 जून तक सर्बिया में आयोजित है, के लिए चयनित हुईं। दिव्या ने पुंडुचेरी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए सर्वाधिक स्कोर बनाने पर नेशनल टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। इसी के साथ दिव्या रंगारी भारतीय महिला टीम में सम्मिलित है। भारतीय बास्केटबॉल टीम के साथ बेटी दिव्या को विश्व कप भी जीत कर भारत लौटने की शुभकामनाएं मां गायत्री उच्चतर माध्यम विद्यालय के प्राचार्य विमला सागर, दिव्या के कोच शुभम तिवारी, दिव्या के पिताजी विनोद रंगारी सहित विद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ ने दी है।




# अंग्रेजों के समय था लगान, भाजपा के समय में लदान : अंकित

## कालाबाजारी में भाजपाई और प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

यूरिया और डीएपी की कथित कमी और काला बाजारी मामले में कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि इसके पीछे का सच ये है कि भाजपा तीन काले कृषि कानूनों को अब पीछे दरवाजे से लागू करवाने में लगी हुई है। किसानों को खेती-किसानी के नाम पर इतना परेशान किया जा रहा है कि भविष्य में या तो वो अपनी जमीन बेच देंगे या रेघ में देकर उस जमीन में नौकर हो जाएंगे।

अंकित ने बताया कि भाजपा के मंत्री से लेकर सारे कार्यकर्ता किसानों को झूठ बोल रहे हैं कि किसानों को प्रति एकड़ दो बोरा यूरिया मिलेगा। जबकि, शासन द्वारा आदेशित व जारी पोस्टर में स्पष्ट बताया गया है कि पहले तो खाद की जिम्मेदारी से बचने के लिए जानबूझ कर खाद और नकद को 60:40 से 70:30 कर दिया गया और बताया जा रहा है कि जनहित में 70 प्रतिशत नकद दिया जा रहा। जबकि, ये किया जा रहा है खाद देने से बचने के लिए। दूसरा उसके पोस्टर और आदेश में स्पष्ट है कि यूरिया 2 एकड़ में 3 बोरी, 3 एकड़ में 5 बोरी, 4 एकड़ 6 बोरी और 5 एकड़ में 8 बोरी और ऐसा ही बढ़ता जाएगा। इसी प्रकार डीएपी में 2 एकड़ में 1 बोरी, 3 एकड़ में 2 बोरी, 4 एकड़ में 2 बोरी और 5 एकड़ में 3 बोरी डीएपी ही मात्र दिया जा रहा है, जो कि किसानों की वास्तविक जरूरत के हिसाब से बहुत कम है।



किसानों की मानें तो यूरिया प्रति एकड़ दो बोरी और डीएपी प्रति एकड़ एक बोरी एकदम अनिवार्य है और अगल बगल की जमीन का प्रकार अलग-अलग होने से ज्यादा भी लग सकता है, कम नहीं। इसी प्रकार लघु कृषक मतलब ढाई से 5 एकड़ के किसानों को दो किश्त में दीर्घ कृषकों को मतलब 5 एकड़ से ज्यादा के जमीन मालिकों को 3 किश्तों में खाद दिया जाना अत्यंत अव्यवहारिक फैसला है। मतलब बीच बीच में खेती छोड़-छोड़ के लाइन लगाओ और दुखद मामला ये आएगा की जब जरूरत होगी और जाएगा तो समय पर उपलब्ध रहेगा, उसकी गारंटी कौन लेगा। इसी डर में सक्षम किसान जब खुले बाजार में यूरिया और डीएपी लेने जा रहा है तो शुरू हो रहा है, अंग्रेजों के लगान के बाद भाजपा सरकार में लदान का खेल।

अंकित ने बताया कि अब सरकार बिना किसानों से चर्चा किए हर किसान की जमीन के रकबे और खसरे को उसकी फार्मर आईडी और आधार कार्ड से लिंक कर दिया गया है और वैज्ञानिक फॉर्मूले के तहत तय किया गया है कि किस फसल और कितने एकड़ रकबे के लिए कितनी यूरिया या डीएपी की जरूरत है। किसान को उसके तय कोटे से एक भी बोरी ज्यादा खाद नहीं मिलेगी। साथ ही जब किसान दुकान या समिति (लैम्प्स) में खाद लेने जाएंगे, तो पीओएस मशीन या पोर्टल पर आपकी फार्मर आईडी/आधार डालते ही आपके आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। इस ओटीपी को दर्ज (सत्यापित) करने के बाद ही आपको आपके हिस्से की खाद आवंटित होगी। इस मारामारी का फायदा उठा जमकर काला बाजारी शुरू हो चुकी है। पहले तो 262 रुपए में मिलने वाला यूरिया 600 से 800 रुपए में मिल रहा।

दूसरा यदि किसान को खुले बाजार से यूरिया लेना है तो दुकानदार की मर्जी अनुसार विटामिन, दवाइयां और अन्य कीटनाशक लदान स्वरूप मजबूरी में लेना पड़ेगा, नहीं तो दुकानदार की मर्जी की वो आपको यूरिया, डीएपी बेचेगा की नहीं। अंकित ने इसे फिर से अंग्रेजों के मानिंद शासन व्यवस्था करार दिया और जिस प्रकार समय काल परिस्थियां कैसी भी रहे अंग्रेजों को लगान से मतलब होता था, वैसे ही अभी भाजपा सरकार में खुले बाजार में यूरिया विक्रेताओं को भाजपा की शह में लदान की खुली छूट दी गयी है। जिससे किसान वर्ग में भारी नाराजगी बढ़ रही है और जल्दी ही उनका गुस्सा फूटेगा और काँग्रेस पार्टी किसानों के साथ उनके हक की लड़ाई लड़ने को सदैव खड़ी है और खड़ी रहेगी।